आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 शुक्रवार 31.11.2025

मुख्य समाचारः–

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय प्रवास पर रायपुर आएंगे–नये विधानसभा भवन के लोकार्पण और राज्योत्सव के साथ ही पांच अलग–अलग कार्यक्रमों में होंगे शामिल।

2– देश के पहले उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में मनाया जा रहा है राष्ट्रीय एकता दिवस।

3– केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने ''केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक'' की घोषणा की–छत्तीसगढ़ के दो सौ बाईस पुलिस अधिकारी–कर्मचारी भी होंगे सम्मानित।

4– देशभर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर छिहत्तर यात्री आवास क्षेत्र विकसित करने की योजना को मिली मंजूरी–दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का रायपुर स्टेशन भी शामिल।

प्रधानमंत्री–छत्तीसगढ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल एक नवंबर को छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय प्रवास पर रायपुर आएंगे। इस दौरान श्री मोदी नवा रायपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे और कई विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री सुबह करीब दस बजे विशेष विमान से रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे। इसके बाद वे 'दिल की बात' कार्यक्रम के तहत, नवा रायपुर स्थित श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में 'जीवन का उपहार' समारोह में हृदय रोगों का सफलतापूर्वक उपचार करा चुके करीब दो हजार पांच सौ बच्चों से बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री इसके बाद ब्रह्माकुमारी के "शांति शिखर" का उद्घाटन करेंगे, जो आध्यात्मिक शिक्षा, शांति और ध्यान का एक आधुनिक केंद्र है।

वहीं, प्रधानमंत्री करीब पौने बारह बजे नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद श्री मोदी छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनसमूह को भी संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री दोपहर लगभग डेढ़ बजे शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक और जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का उद्घाटन करने के बाद उसका अवलोकन भी करेंगे। यह संग्रहालय राज्य के जनजातीय समुदायों के साहस, बलिदान और देशभक्ति की विरासत को संरक्षित और प्रदर्शित करेगा। प्रधानमंत्री स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में संग्रहालय पोर्टल और ई–बुक "आदि शौर्य" का शुभारंभ करेंगे और स्मारक स्थल पर शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

प्रधानमंत्री दोपहर ढाई बजे छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के पच्चीस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में हिस्सा लेंगे। इस मौके पर श्री मोदी सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे प्रमुख सेक्टरों से जुड़ी चौदह हजार दो सौ साठ करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री–राष्ट्रीय एकता दिवस

देश के पहले उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की आज एक सौ पचासवीं जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ सहित देशभर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद के एकता नगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए लोगों से एकजुट होकर राष्ट्र की प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की अपील की। श्री मोदी ने कहा कि इससे विकसित भारत का सपना साकार होगा।

आजादी के बाद साढे पांच सौ से ज्यादा रियासतों को एक साथ जोड़ने का असंभव कार्य को उन्होंने संभव कर के दिखा दिया। एक भारत, श्रेष्ठ भारत का विचार उनके लिए सर्वोपरि था। इसलिए आज सरदार पटेल की जयंती का दिन स्वाभाविक रूप से राष्ट्रीय एकता का महापर्व बन गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से सरकार ने नक्सलवाद और माओवादी आतंकवाद पर एक निर्णायक और करारा प्रहार किया है।

2014 के पहले देश के करीब सवा सौ जिले माओवादी आतंक की चपेट में थे। आज ये संख्या केवल 11 बची है और उसमें भी सिर्फ तीन जिलों में ही नक्सलवाद अभी भी कुछ गंभीर रूप से हावी है। मैं भरोसा दिलाता हूं जब तक देश नक्सलवाद, माओवाद आतंक से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाता हम रूकने वाले नहीं हैं।

प्रधानमंत्री ने देश की भाषाई विविधता की सराहना की और इसे भारत की सबसे बड़ी ताकत बताया।

राष्ट्रीय एकता दिवस–छत्तीसगढ़

इधर, छत्तीसगढ़ में भी राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का किसानों के संघर्ष और आजादी के लड़ाई में बहुमूल्य योगदान रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया और महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं के लिए आयोजित रंगोली, चित्रकला, भाषण और काव्यपाठ प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने रन फॉन यूनिटी के प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही बस्तर ओलंपिक के प्रचार रथ को भी हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने राज्य के सभी संभागीय मुख्यालयों में सरदार पटेल के प्रतिमा स्थापित किए जाने की घोषणा की। समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब भी उपस्थित थे।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने राजधानी रायपुर के देवेन्द्र नगर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री साय ने स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों और आमजनों के साथ शास्त्री चौक से शारदा चौक तक आयोजित एकता दौड़ में शामिल होकर एक भारत–श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया।

प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया।

स्टेशन आवासीय योजना–मंजूरी

केन्द्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने देशभर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर छिहत्तर यात्री आवास क्षेत्र विकसित करने की योजना को मंजूरी दे दी है। इनमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का रायपुर स्टेशन भी शामिल हैं।

इस योजना के तहत देशभर में नियोजित यात्री आवास क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी और इनका स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार निर्माण किया जाएगा। श्री वैष्णव ने निर्देश दिए हैं कि सभी यात्री आवास क्षेत्र दो हजार छब्बीस के त्यौहारी सीजन से पहले ही पूरे हो जाने चाहिए।

केन्द्रीय गृहमंत्री–दक्षता पदक

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने साल दो हजार पच्चीस के लिए ''केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक'' की घोषणा की है। इस साल विभिन्न राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेशों, केन्द्रीय सशस्त्र अर्द्धसैनिक बलों और केन्द्रीय पुलिस संगठनों के एक हजार चार सौ छियासठ कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें छत्तीसगढ़ के दो सौ बाईस पुलिस अधिकारी–कर्मचारी शामिल हैं। वहीं, इंवेस्टिगेशन केटेगिरी में छत्तीसगढ़ के तीन अधिकारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

गौरतलब है कि इस पदक की घोषणा हर साल इकतीस अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर की जाती है।

बातों–बातों–में

प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर पर केंद्रित रहेगा। इसके तहत राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस भेंटवार्ता की पहली कड़ी का प्रसारण कल एक नवंबर को एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

सत्य सांई संजीवनी अस्पताल

नवा रायपुर में स्थित श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल में आज आयोजित कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए सत्रह सौ से अधिक वे मरीज शामिल हुए, जिनका इस अस्पताल में निःशुल्क ऑपरेशन किया गया था। अस्पताल के अनुसार यह एक विश्व रिकॉर्ड है। इस अवसर पर पूर्व क्रिकेटर और पद्मभूषण से सम्मानित सुनील गावस्कर भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस अस्पताल का दौरा कर यहां दिल की बीमारी का इलाज कराने वाले करीब ढाई हजार बच्चों से मुलाकात करेंगे।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार मोन्था चक्रवात अब कमजोर होकर निम्नदाब में बदल गया है।

कल प्रदेश् के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से उत्तर छत्तीसगढ़ में रहने की संभावना है। कल के बाद राज्य के विभिन्न स्थानों के न्यूनतम तापमान में गिरावट आ सकती है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– राज्य निर्माण की रजत जयंती के अवसर पर कल राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के तहत उनयासी हजार से अधिक श्रमिकों के खातों में पच्चीस करोड़ इकसठ लाख रूपए से अधिक की राशि अंतरित करेगी।

– राज्य सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे और गिरदावरी के मोबाइल पीवी ऐप सत्यापन की अंतिम तिथि एक महीने तक बढ़ा दी है। अब किसान तीस नवंबर तक इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे।

– जगदलपुर से किरंदुल और दंतेवाड़ा से विशाखापट्टनम तक चलने वाली ट्रेनें आज से शुरू हो गई है। गौरतलब है कि चक्रवात मोन्था के कारण बीते सत्ताईस से तीस अक्टूबर तक आवागमन बाधित था।

– रायपुर स्टेशन पर एक नये प्रोत्साहन ''कियोस्क'' का शुभारंभ किया गया है। इस ''कियोस्क'' से रैपिडो के यात्रियों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

– तेलंगाना में दलाल के चंगुल में फंसे बीजापुर जिले के अट्ठारह ग्रामीणों को पुलिस की टीम ने छुड़ा लिया है। इन ग्रामीणों में ग्यारह मजदूर ग्राम कड़ेनार और सात मजदूर घुमरा के थे।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>